# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–03.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए जारी किया पार्टी का संकल्प पत्र।**
2. **श्री शाह ने कहा–अगर भाजपा सत्ता में आई तो झारखंड में समान नागरिक संहिता–यूसीसी लागू की जाएगी, आदिवासियों को इस दायरे से मुक्त रखा जाएगा।**
3. **संकल्प पत्र में भाजपा का वादा–राज्य से घुसपैठियों को बाहर करने और आदिवासियों की जमीन वापस लेने के लिए भी बनाया जाएगा कानून।**
4. **विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य के विभिन्न इलाकों में छापेमारी अभियान तेज, अब तक 135 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त।**

*********************

वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज रांची में झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र – संकल्प पत्र जारी किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो झारखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी, लेकिन आदिवासी यूसीसी के दायरे से बाहर रहेंगे। उन्होंने कहा कि संथाल परगना क्षेत्रों से बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने के लिए नियम बनाए जाएंगे क्योंकि इसने राज्य की जनसांख्यिकी को बदल दिया है। श्री शाह ने कहा कि घुसपैठियों ने आदिवासी महिलाओं से शादी करने के बाद आदिवासियों से जमीन छीन ली है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कानून बनने के बाद आदिवासियों की जमीन पूर्वव्यापी प्रभाव से वापस कर दी जाएगी।

श्री शाह ने कहा कि राज्य की प्रत्येक महिला को गोगो–दीदी योजना के तहत प्रति माह दो हजार एक सौ रुपये दिए जाएंगे। सभी परिवारों को पांच सौ रुपये की लागत से एक एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा, तथा दीपावली और रक्षाबंधन के अवसर पर दो सिलेंडर निःशुल्क दिए जाएंगे। बेरोजगार स्नातक और स्नातकोत्तर युवाओं को दो साल तक दो हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पांच साल के भीतर पांच लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। दो लाख सत्तासी हजार सरकारी रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरा जाएगा। अपने सम्बोधन में श्री शाह ने हेमंत सोरेन सरकार की कड़ी आलोचना भी की। श्री शाह ने कहा कि उनकी सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाले पेपर लीक को रोकने के लिए सख्त कानून बनाएगी।

*********************

विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच तल्ख तेवर के साथ जुबानी जंग तेज हो गयी है। झारखंड में भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने केंद्र के पैसों का दुरूपयोग किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लिए राशि भेजी गयी, जिसमें बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। इधर, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खूंटी में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर कई आरोप लगाए।

*********************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल झारखंड में चाईबासा और गढ़वा से अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि इसके बाद प्रधानमंत्री 10 नवम्बर को रांची और बोकारो में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का तीसरा झारखंड दौरा 15 नवम्बर को संताल परगना में होगा।

*********************

बोकारो जिले में का माहौल चुनावमय हो चुका है। एक ओर जहां उम्मीदवार युद्ध स्तर मतदाताओं से जनसंपर्क कर रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयासरत है।

*********************

रेलवे, छठ और अन्य त्यौहारों के अवसर पर विशेष रेलगाडियों का परिचालन कर रहा है। लगभग बीस विशेष रेलगाडियां आज दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से देश के विभिन्न भागों के लिए चलाई जा रही हैं। इनमें, दरभंगा, रांची, पटना, कटरा, मुजफ्फरपुर, बलिया, कामाख्या और आज़मगढ़ के लिए विशेष ट्रेन शामिल हैं।

*********************

भाई दूज का त्यौहार आज उमंग और उत्साह से मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर टीका लगाती हैं और उनकी और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करती हैं।

**********************

राज्य भर में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। दिन में गर्मी और रात में ठंड का एहसास हो रहा है। इस बीच, मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में अगले सात दिनों तक सुबह और शाम को कोहरा छाया रह सकता है। जिससे धीरे–धीरे ठंड बढ़ेगी। मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में और तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होगी।

********समाप्त**************